# औचित्य टिप्पणी

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल में प्रस्तावित कि0मी0 57.00 के टी02 (ओ0डी0आर0) से मंजोखी मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 2 संरेखणो पर विचार किया गया है। जिसे मानचित्र पर अलग अलग रंगो से दर्शाया गया है। जिसमें से सर्वोच्चित संरेखण पर विचार करते हुये प्रस्ताव में मोटर मार्ग निर्माण हेतु संलग्न किया गया है। जिसमें सिविल सोयम भूमि आ रही है एवं न्यूनतम पेडो का कटान हो रहा है। सर्व समितियों द्वारा भी उक्त संरेखण को उचित माना गया है। जिससे वर्ष 2001 की जनगणाना के अनुसार बसावट सीलाडांडा की आबादी 266 है। जो अभी तक किसी भी मोटर मार्ग से जुडा नही है। उन्नत कृषि भूमि होने के कारण क्षेत्र की जनता का मुख्य व्यवसाय कृषि एवं पशु पालन है। परन्तु यातायात के साधन न होने से कास्तकारो को अपनी फसलो की उपज का उचित मूल्य नही मिल पाता है। साथ ही सरकार द्वारा घोषित विभिन्न विकास कार्य भी क्षेत्र में सुगमता पूर्वक संचालित नही हो पाते है। अन्य रोजगार के साधन न होने से बेरोजगार युवाओ का शहरो की ओर पलायन हो रहा है।

अधिशासी अभियन्ता
पी0एम0जी0एस0वाई0– सिंचाई खण्ड
कोटद्वार (गढवाल)

प्रभागीय वनाधिकारी
भूमि संरक्षण वन प्रभाग
लैन्सडौन (गढवाल)